आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार
16 वें वर्ष में प्रवेश

● वर्ष- 16 अंक 24 ● कटनी ● शुक्रवार, 25 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-9 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

# रूसी हमले तेज, कीव में घुसी सेना



यूक्रेन की सेना ने दावा किया कि उसने खार्कीव में एक रूसी सैनिक को मार गिराया है।





यूक्रेन के सीमाई इलाकों में बमबारी के दौरान मारा गया यूक्रेनी नागरिक। पास ही शोक मनाता परिजन।

## यूक्रेन का दावा

### 800 से ज्यादा रूसी सैनिक मारे, 30 टैंक और 7 जासूसी एयरक्राफ्ट भी तबाह किए

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के पूरी सेना को युद्ध में उतारने का ऐलान किया है। यूक्रेन ने दावा किया है कि उनकी फोर्सेस ने 800 से ज्यादा रूसी सैनिकों को मार गिराया है। 30 रूसी टैंक और 7 जासूसी एयरक्राफ्ट को भी तबाह कर दिया है।

#### सतर्क रहे कीव के लोग

रूसी सेनाएं कीव में दाखिल हो चुकी हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने वीडियो संदेश में यह जानकारी दी है। उन्होंने यहां के लोगों से सतर्क रहने और कर्फ्यू नियमों का पालन करने की अपील की है। यूक्रेन से भागकर पड़ोसी देश पोलैंड में डेरा डाल रहे लोग यूक्रेन के शरणार्थियों ने गुरुवार को रूस के आक्रमण से भागने के बाद पड़ोसी देश पोलैंड के एक रेलवे स्टेशन पर रात भर डेरा डाला। यूक्रेनियन अपने देश से भागकर पड़ोसी देश पोलैंड में प्रवेश कर रहे हैं, अधिकतर लोग कार से यात्रा कर रहे हैं। रूसी आक्रमण के मद्देनजर इस क्षेत्र में संभावित शरणार्थी संकट को लेकर आशंकाएं बढ़ रही हैं।

#### जेलेंस्की का छलका दर्द-

हमें अकेला छोड़ दिया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि उनके देश को रूस

**मास्को/ कीव/ वाशिंगटन ।** रूस-यूक्रेन की लड़ाई गंभीर हो गई है।यूक्रेन की राजधानी कीव में शुक्रवार सुबह कई धमाके सुने गए। रूसी सेना द्वारा यूक्रेन पर किए गए हमले में बहुत से लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। रूस ने यूक्रेन में जबरदस्त तबाही मचाई है। इस बीच अमेरिकी सुरक्षा अधिकारियों ने आशंका जताई है कि, अगले 96 घंटों में कीव पर रूस का कब्जा हो सकता है। वहीं एक सप्ताह के अंदर सरकार भी गिराई जा सकती है। खबरों के मुताबिक, यूक्रेन की राजधानी कीव में शुक्रवार सुबह चार बजे( स्थानीय समयानुसार) से रूस के हमले शुरू हो गए। कीव में आसमान से आग बरसती हुई दिखाई दी। सुबह-सुबह कई जगहों पर तेज धमाकों की आवाज सुनाई दी। इसके अलावा यूक्रेन के कोनोटोप को रूस की सेना ने चारों तरफ से घेर लिया है। रूस ने एक बार फिर से यूक्रेन के सैनिकों को हथियार डालने की चेतावनी दी है। हालांकि, यूक्रेन ने आत्मसमर्पण से इंकार कर दिया है। इसके बाद रूस ने राजधानी कीव पर एयर स्ट्राइक कर दी है। कीव के रिहायशी इलाकों में लगातार छह धमाके हुए हैं।



यूक्रेन की राजधानी कीव में युद्ध से दुखी एक बुजुर्ग। ऊपरवाले से इस संकट में मदद की प्रार्थना करती हुई।

### ढीले पड़े यूक्रेन के राष्ट्रपति के तेवर, सब खत्म हो उससे पहले प्लीज वार्ता कर ले पुतिन

से लड़ने के लिए अकेला छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि हर कोई डर रहा है। हमारे साथ लड़ने के लिए कोई नहीं खड़ा है। यूक्रेन सरकार ने 18 से 60 साल के पुरुषों के देश छोड़ने पर रोक लगा दी है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि यूक्रेन ने अपने 10 हजार नागरिकों को मुकाबले के लिए राइफलें दी हैं। वहीं, जेलेंस्की ने कहा है कि पहले दिन की लड़ाई में कुल 137 लोगों की जान गई है। वहीं, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन पर रूस के हमले से पैदा हुई स्थिति के मद्देनजर गुरुवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात कर तत्काल हिंसा रोकने की अपील की तथा सभी पक्षों से कूटनीतिक बातचीत और संवाद की राह पर लौटने के ठोस प्रयास करने का आह्वान किया। इस दौरान पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी को यूक्रेन से संबंधित हालिया घटनाक्रम से अवगत कराया।



यूक्रेन पर हमले के खिलाफ प्रोटेस्ट में शामिल बच्चा, जिसने पुतिन को हत्यारा बताने वाला पोस्टर हाथ में ले रखा है।

## जबरदस्त तबाही

### रूस ने यूक्रेन पर की एयर रेड, लगातार छह धमाकों से दहली राजधानी कीव

#### रूस ने क्रूज मिसाइल से उड़ाया जेट

कीव पर कब्जे के लिए रूस के हमले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। रूसी फौज सुबह चार बजे से यहां मिसाइल हमले कर रही है। अब खबर आ रही है कि राजधानी कीव में रूसी क्रूज मिसाइल ने यूक्रेन के स्ह्व27 जेट को मार गिराया है। इस बीच, युद्ध के दूसरे दिन यूक्रेन के लिए बुरी खबर आई। अमेरिका और नाटो देशों ने यूक्रेन में सेना भेजने से इन्कार कर दिया है। इसके बाद , यूक्रेन के राष्टपति के ताजा बयान से जंग जल्द खत्म होने की उम्मीद बढ़ी है। राष्टपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने अपने ताजा बयान में झुकने के संकेत दिए हैं। राष्टपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि हम रूस से वार्ता को तैयार हैं। गुजारिश करते हैं कि सब कुछ खत्म हो, इससे पहले रूस राष्ट्रपति वार्ता के लिए तैयार हो जाएं। अब रूस के जवाब की पूरी दुनिया को प्रतीक्षा है।। हमले के बीच रूस की सेना ने दावा किया है कि यूक्रेन के सैनिक अपने हथियार डाल रहे हैं। ङ्गस्र का दावा है कि यूक्रेनी सशस्त्र बलों के सैनिक प्रमुख स्थानों से पीछे हट रहे हैं।यूक्रेन की राजधानी कीव में हालात बिगड़ते ही जा रहे हैं। इस बीच यूक्रेन ने दावा किया है कि, उसने रूस के दो और एयरक्राफ्ट मार गिराए हैं। उसका दावा है कि, उसने रूसी सेना को बहुत नुकसान पहुंचाया है।



## हम आपके रुख से निराश हैं

### यूक्रेन के आरोपों पर भारत का जवाब; अमेरिका ने भी की बात

नई दिल्ली । रूस के हमले को लेकर भारत के स्टैंड पर यूक्रेन ने गुरुवार को असंतोष जाहिर किया था। देश में यूक्रेन के राजदूत इगोर पोलिखा का कहना था कि हम भारत के स्टैंड से बेहद निराश हुए हैं। हमें उम्मीद थी कि भारत हमारा पक्ष ज्यादा मजबूती के साथ रखेगा। पोलिखा का कहना था कि भारत का अंतरराष्ट्रीय राजनीति में बड़ा कद है और हम पीएम नरेंद्र मोदी से उम्मीद करते हैं कि वे इस मामले में दखल दें। उनके रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से अच्छे रिश्ते हैं। हालांकि उनकी टिप्पणी का भारत की ओर से तत्काल जवाब दिया गया और यूक्रेनी राजदूत के आरोपों को खारिज कर दिया गया।विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा कि जो हालात पैदा हुए हैं, उसमें भारत भी एक पक्ष है। हमारी अर्थव्यवस्था पर भी इसका प्रभाव पड़ेगा और बड़ी संख्या में हमारे छात्र भी यूक्रेन में मौजूद हैं। क्या एक नया वर्ल्ड ऑर्डर तैयार हो रहा है? इस सवाल पर हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा कि चीजें बदल रही हैं और अपने राष्ट्रीय हितों को साधने के लिए भारत सभी प्रयास करेगा।

## अब शिवसेना नेता के घर केंद्रीय जांच एजेंसी ने दी दस्तक

### यशवंत जाधव से आयकर विभाग की पूछताछ

**मुंबई ।**महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता नवाब मलिक की गिरफ्तारी के बाद अब केंद्रीय जांच एजेंसी ने शिवसेना नेता यशवंत जाधव के घर दस्तक दी है। कल ही उनकी पत्नी ने नवाब मलिक की गिरफ्तारी के खिलाफ आयोजित विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया था।मुंबई नगर निगम की स्थायी समिति के अध्यक्ष और शिवसेना नेता यशवंत जाधव के मझगांव स्थित आवास पर शुक्रवार सुबह आयकर अधिकारियों ने छापेमारी की। आयकर विभाग के अधिकारी सीआरपीएफ जवानों के साथ आज सुबह यशवंत जाधव के घर पहुंचे। फिलहाल उनके घर पर दस्तावेजों की जांच की जा रही है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यशवंत जाधव से किस मामले में पूछताछ की जा रही है।







## फाउंडेशन कोर्स में हेडगेवार दीनदयाल पढ़ाए जाएंगे

### भोपाल में MBBS की हिंदी में पढ़ाई शुरू

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मेडिकल एजुकेशन के फाउंडेशन कोर्स में हेडगेवार, दीनदयाल, विवेकानंद, गांधी, भीमराव आंबेडकर व डॉ. अब्दुल कलाम को पढ़ाया जाएगा। भोपाल मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में करने का पायलट प्रोजेक्ट शुरू हो गया है जिसकी क्लास भी शुरू हो गई है। क्लास में सभी टीचर्स को हिंदी भाषा के उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। यह बात चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने मीडिया से चर्चा में कही है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन कोर्स में एक विषय मूल्य आधारित जीवन जीना पढ़ाया जाएगा जिसमें महापुरुषों के बारे में बताया जाएगा। इन महापुरुषों में वे लोग शामिल किए जाएंगे जिन्होंने समाज के लिए बहुत कुछ किया है। सारंग ने कहा कि मध्य प्रदेश में तो मेडिकल एजुकेशन हिंदी में शुरू की जा रही है और दूसरे राज्यों में उनकी मातृभाषा में शुरू किया जा सकता है। मेडिकल एजुकेशन की पढ़ाई को हिंदी में शुरू करने वाला मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य होगा। एनाटॉमी, बायो केमिस्ट्री और फिजियोलॉजी विषयों के रूपांतरण के लिए काम शुरू किया जा रहा है जिसके लिए प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों की संबंधित फैकेल्टी को रूपांतरण की जिम्मेदारी दी गई है।



## जामताड़ा के पास बराकर नदी में पलटी नाव

### 16 से ज्यादा लोग डूबे, तलाश जारी

**रांची।** झारखंड के जामताड़ा जिले में बड़ा हादसा हुआ है। बराकर नदी में नाव पलटने से 16 से ज्यादा लोगों डूब गए हैं। हादसा जामताड़ा के वीरगांव और श्यामपुर घाट के नजदीक हुआ। पुलिस-प्रशासन राहत एवं बचाव अभियान चला रही है। डूबने वालों की संख्या बढ़ सकती है। नाव पर दो दर्जन से ज्यादा लोग सवार थे। सभी मजदूर बताए जाते हैं।ये हादसा बरबिंदिया-श्यामपुर-वीरगांव नदी के घाट पर हुआ। मिली जानकारी के मुताबिक शाम के पांच बजे के करीब बरबिंदिया घाट से यात्रियों से भरी एक नाव श्यामपुर-वीरगांव घाट की ओर आ रही थी। इसी दौरान तेज आंधी की वजह से नाव बीच नदी में पलट गई। हादसे में 16 लोग लापता बताये जा रहे हैं। प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्य शुरु कर दिया है।अब तक मिली जानकारी के मुताबिक नाव में 18 लोग सवार थे, जिनमें से 4 लोगों को बचा लिया गया। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## इंदौर में पत्नी ने पति की नृशंस हत्या

### काट कर हाथ-पैर फिंकवाए धड़ घर में गाड़ दिया

**इंदौर ।** पुलिस दस दिन से ड्राइवर कृष्णेंद्र उर्फ बबलू को लापता समझ तलाश में जुटी थी। पड़ताल में उसकी हत्या का खुलासा हुआ। बाणगंगा थाना पुलिस ने उसकी पत्नी सुनीता उर्फ सोनू को हिरासत में लिया। उसी ने कृष्णेंद्र की गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। उसने दो युवकों की मदद से पति की हत्या की और हाथ-पैर काटकर फिंकवा दिए। धड़ को उसने उसी घर में गाड़ दिया, जिसमें बेटों के साथ रह रही थी। डीसीपी जोन-3 धर्मेंधसिंह भदौरिया के मुताबिक गणेशधाम कालोनी निवासी 32 वर्षीय सुनीता एक कारखाने में काम करती है। उसके 18 और 16 वर्ष के दो बेटे हैं। उसने बताया कि कृष्णेंद्र ट्रक ड्राइवर था। वह जब भी घर आता, शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता। चरित्र शंका में कृष्णेंद्र ने कई बार उसे निर्वस्त्र कर पीटा था। परेशान होकर सुनीता ने दो युवकों के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। शव ठिकाने लगाने के लिए उसके हाथ और पैर अलग कर दिए। बताया जाता है कि सुनीता ने धड़ तो नरवल स्थित घर (टापरी) में गाड़ दिया, जबकि हाथ-पैर युवकों से कहीं फिकवा दिए। हत्या में शामिल दोनों युवक जूनी इंदौर क्षेत्र में मटन शाप पर काम करने वाले बताए जा रहे हैं। टीआइ राजेंद्र सोनी के मुताबिक सुनीता से पूछताछ चल रही है। जिन युवकों के साथ हत्या करना बताया, उनके नाम भी सुनीता को नहीं पता। पुलिस सिर्फ मोबाइल नंबर के आधार पर तलाश में जुटी है। बेटे ने पिटाई की पुष्टि की - पुलिस के मुताबिक सुनीता का दीपमाला ढाबे के पास नरवल में पैतृक मकान है। कृष्णेंद्र की अनुपस्थिति में दोनों युवकों का सुनीता के पास आना-जाना रहता था। एक बार पति ने दोनों को देख लिया था। इसके बाद उसने सुनीता की पिटाई की। बेटे ने भी इसकी पुष्टि की और कहा कि पिता मां को पीटता था। हत्या के बाद सुनीता गणेशधाम कालोनी वाला मकान छोड़कर आठ दिन पहले नरवल में रहने चली गई।



## रूस-यूक्रेन वार से महंगाई बढ़ेगी बेशुमार

### पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने को मजबूर होंगी कंपनियां

**नई दिल्ली।** यूक्रेन संकट का भारत पर तात्कालिक असर कच्चे तेल के ऊंचे दामों पर देखने को मिल सकता है। कच्चे तेल के दाम बढ़ेंगे तो उससे तेल कंपनियों का घाटा बढ़ता जाएगा और आने वाले दिनों में वो पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने को मजबूर हो जाएंगी। एक बार ये दाम बढ़े तो उसका असर बढ़ती महंगाई के तौर पर चौतरफा देखने को मिलेगा।आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ और पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग के मुताबिक पेट्रोल के दाम बढ़ने का असर व्यक्तिगत तौर पर गाड़ी इस्तेमाल करने वालों पर ही पड़ेगा। वहीं डीजल के दाम ट्रांसपोर्टेशन को महंगा बनाएंगे। इससे हर उस चीज के दाम में इजाफा होना तय है, जिनके उत्पादन के कच्चे माल को और फिर अंतिम उत्पाद की डिलिवरी में ट्रांसपोर्टेशन का इस्तेमाल होता है। यानि तकरीबन हर तरफ इसका असर दिख सकता है।भारत अपनी तेल जरूरतों के अधिकांश हिस्से के लिए आयात पर ही निर्भर रहता है। तेल की बढ़ी कीमतें भारतीय अर्थव्यवस्था को काफी प्रभावित कर सकती हैं। भारत का आयात बिल भी बढ़ जाएगा जो देश के आर्थिक हालात पर भी आसर डालेगा।साथ ही यूक्रेन से नेचुरल गैस का आयात भी होता है। वहां पर संकट की वजह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इनके भी दाम बढ़ रहे हैं जो आने वाले दिनों में ग्राहकों के ऊपर गैस के ऊंचे दामों के तौर पर एक बड़ा बोझ हो सकते हैं।इसके अलावा भारतीय छात्र वहां रहकर पढ़ाई करते हैं तो उनपर सीधे तौर पर वहां रहना संकट से भरा रहने वाला है और अगर वो लौटते हैं ।



## भारतीय शेयर मार्केट का बाउंस बैक

### सेंसेक्स 1151.82 पॉइंट उछला; निवेशकों को 30 सेकेंड में 5 लाख करोड़ का मुनाफा

मुंबई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (ब्स्श्च) का सेंसेक्स आज जबरदस्त तेजी के साथ खुला है। इस समय यह 1151.82 पॉइंट्स की बढ़त के साथ 55,585 पर कारोबार कर रहा है। इससे निवेशकों को पहले 30 सेकेंड में 5 लाख करो? रुपए का फायदा हुआ है। लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 247.81 लाख करोड़ रुपए है जो गुरुवार को 242.28 लाख करोड़ रुपए था। कल निवेशकों को 13.4 लाख करोड़ रुपए का घाटा हुआ था।

## चार दिवसीय सायना किड्स स्कूल मास्टर क्लासेस का हुआ समापन

# महिलाओं के साथ पुरुषों ने भी सीखे लजीज पकवान बनाने के गुर

### मास्टर क्लासेस में हिस्सा लेने वालों ने प्रशिक्षण के बाद बनाकर दिखाए अच्छे और स्वादिष्ट लजीज व्यंजन

**कटनी ।** कटनी के सायना इंटरनेशनल स्कूल की यूनिट सायना किड्स स्कूल बरंगवा द्वारा चार दिवसीय मास्टर क्लासेस का आयोजन 21 से 24 फरवरी तक किया गया था जिसमें भारत में ताज,ओबेरॉय जैसे बड़े बड़े होटलों में शेफ का 29 वर्षो का अनुभव रखने वाले लजीज व्यंजन बनाकर लोगों का दिल जीतने वाले मूल रूप से कोलकाता के रहने वाले मशहूर शेफ कौशिक ने अपनी टीम के साथ लगभग 100 महिला पुरुष प्रशिक्षणथियों को तीन दिनों तक लजीज व्यंजन बनाने के टिप्स प्रशिक्षण के दौरान दिए। चौथे दिन सभी पार्टिशिपेंट के मास्टर शेफ थीम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि सायना इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य आदित्य शर्मा प्राचार्य रहे। प्रतियोगिता के दौरान सदस्यों ने अपनी खूबसूरत डिश तैयार की साथ ही उसे बहुत ही सुंदर तरीके से डेकोरेट किया। निर्णायक मंडल ज्यूरी ने स्वाद एवं सजावट के साथ कुछ अलग हट कर बनाने की शौख रखने वाले पार्टिशिपेंट में से निर्णय के बाद प्रथम स्थान पूजा नवानी,द्वितीय स्थान सोनम बर्मन और तृतीय स्थान अभिषेक जायसवाल ने प्राप्त किया जिन्हें पुरस्कृत किया गया ।

#### नई रेसिपीज बनाने की रुचि होनी चाहिये

मशहूर शेफ कौशिक ने बताया कि महिला हो या पुरुष आपको एक शेफ बनने के लिए आपको नए नए स्वादिष्ट व्यंजन बनाना आना चाहिये और ठीक प्रकार से अलग अलग मसालों की जानकारी भी होनी चाहिये,आपको नई रेसिपीज बनाने की रुचि होनी चाहिये और ऐसी स्किल आपमें होनी चाहिये कि आप किसी भी व्यंजन को अपने स्वाद के अनुसार अथवा दूसरे की पसन्द के अनुसार बदल सकें ,आप जो व्यंजन बना रहे हैं वो हैल्थी हैं या नहीं और उनमें क्या गुण हैं, खाने की चीजों की गुणवत्ता और न्यूट्रिशन की जानकारी भी आपको ठीक प्रकार से होना बेहद जरूरी है.आपको खाने की क्वालिटी कंट्रोल करना, मेन्यू प्लानिंग करना, हायरिंग, फाइनेंस मैनेजमेंट, टीम मैनेजमेंट करना जैसी चीजें भी आनी चाहिए. कार्यक्रम मुख्य अतिथि प्राचार्य श्री आदित्य शर्मा ने बताया कि हमारा सायना ग्रुप और सायना इंटरनेशनल स्कूल संस्था लगातार लोगों कुछ नया सीखने को प्राप्त हो उनके स्किल डेवलपमेंट हो इस दिशा में प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के माध्यम से लगातार पूर्व से ही आयोजन करते आ रहे है मास्टर क्लासेस के माध्यम से महिलाओ पुरषों को एक मंच देने का काम किया गया है जिससे वह अपने अन्दर की छुपी प्रतिभा को निखार कर सबके सामने ला सके। इस प्रतियोगिता के माध्यम से घरेलू महिलाओ के साथ पुरूषो ने भी हिस्सा लिया है। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रेरणा ऋषि अरोरा द्वारा किया गया प्रशिक्षण देने वाले शेफ उनकी टीम,सभी प्रशिक्षण एवं बनाए व्यंजनों को सबके सामने रखेंने एवम प्रदर्शन देने वाली प्रतिभागियों का आभार सायना किड्स स्कूल की हेडमिस्ट्रेस श्रीमती भारती शर्मा ने किया ।







इस अवसर पर श्रेया संगतानी, निशा संगतानी, पूजा धवन, निशा गुप्ता, कोमल धवन, सपना मूलचंदानी, कंचन मंगलानी, अभिषेक जायसवाल, अमिता जायसवाल, पूजा नावानी, काव्या नावानी, सुषमा जायसवाल, रागिनी गुप्ता, गुंजन बर्मन, दुर्गेश बर्मन, सुमन चीजवानी, सिमरन वलेचा, एकता बालानी, प्रीति बालानी, शुभि लोहानी, सुमन बर्मन, शीनल गंगवानी, शिल्पी जोशी आदि शामिल थे।

## शहर में भयंकर जलसंकट की आहट, कटनी नदी से अप्रैल तक ही हो पाएगी जल सप्लाई

### 2 लाख 30 हजार की जनसंख्या लेकिन नल कनेक्शन 21 हजार



**कटनी।** कटनी नदी से होने वाली जल सप्लाई अप्रैल तक ही हो पाएगी। इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 50 फीसद कम बारिश होने से यह हालात बने हैं। शहर में अब एक टाइम ही जल सप्लाई हो रही है। पिछले 15 दिसंबर 2021 सप्ताह दो दिवस के दिन बुधवार और शनिवार सप्लाई नहीं की जाती है। अब नागरिकों को सोमवार को भी पेयजल नहीं मिलेगा। नगरनिगम से मिली जानकारी के अनुसार शहर में 21 हजार उपभोक्ता में प्रति उपभोक्ता 135 लीटर पानी के अनुसार सप्लाई हो रही है। नगर निगम के मुताबिक कटनी की जनसंख्या भले ही 2 लाख 30 हजार है, लेकिन नल कनेक्शन 21 हजार उपभोक्ताओं के पास हैं। इस हिसाब से कटनी में 135 लाख लीटर पानी की सप्लाई होती है लेकिन यह सप्लाई सप्ताह में 4 दिन ही हो रही है। कटनी नदी के बैराज की हाइट 13 मीटर हाइट है। यह करीब 12 फीट खाली हो गया है। ऐसी स्थिति में पेयजल अप्रैल तक ही हो पाएगा।

यह है वैकल्पिक व्यवस्था नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार गर्मियों में नगरनिगम द्वारा पेयजल मुहैया करवाने के लिए विभिन्न वार्डों में ट्यूबवेल का उत्खनन करवाया जा रहा है। टैंकरों के माध्यमों से भी जनता को पेयजल मिल रहा है। जिले में गंभीर जलसंकट की आहट फरवरी के शुरूआती सप्ताह से ही होने लगी है। कटनी नदी में पानी का प्रवाह कम हो गया है और अमकुही बैराज का जलस्तर गिरने से निगम की चिंता बढ़ गई है। जलस्तर में कमी आने का असर यह है कि अब जल शोधन संयंत्रों के माध्यम से होने वाली पानी की सप्लाई में कटौती की जा रही है।

## हनुमान जी की भव्य प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में धर्ममय हुआ देवरीकला



### विशाल कन्या भोज एवं आम भंडारा का दिव्य आयोजन



**कटनी।** आज दक्षिण मुखी हनुमानजी सरकार भगवान के प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव पांचवें दिवस हनुमतकुटी आश्रम देवरीकलां कटनी में मंदिर के परमपूज्य गुरुदेव श्री श्री1008 श्री डॉ. सुरेंद्र दास जी महाराज के पेशवाई में मुख्य यजमान श्री रजनीश दुबे,अजय (पप्पू )मिश्रा एवं रूपेश तिवारी एवं सभी शिष्य मंडल,भक्त गणों के सहयोग द्वारा विशाल कन्या भोज एवं आम भंडारा का दिव्य एवं भव्य आयोजन हुआ। ज्ञातव्य हो कि प्रथम दिवस विशाल शोभायात्रा निकाली गई। द्वितीय दिवस प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव के अगले चरण के रूप हनुमानजी महाराज के दिव्य विग्रह की वेदोक्त एवं शास्त्रोक्त विधि विधान से अन्नाधिवास, जलाधिवास, फलाधिवास एवं पुष्पाधिवास की पूजन प्रक्रिया की गई। तृतीय दिवस अनंत बलवंत हनुमंत लाल जी महाराज का 56 पुण्य सलिलों एवं समुद्रों के जल से राज्याभिषेक कर नगर भ्रमण किया गया। तत्पश्चात वेदमंत्रों के पुण्य वाचन के साथ लालजी सरकार की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। चतुर्थ दिवस वृहद हवन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान नीलकंठ रामायण समाज आधार काप द्वारा अखंड रामायण का पाठ किया गया। बजरंग बाल रामायण द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई साथ साथ श्यामा श्याम भजन मंडली एवं राधेराधे सत्संग मंडल एवं अन्य भजन एवं रामायण मंडल द्वारा शानदार प्रभु चरणों में अपनी नमन किया गया यहां आज कार्यक्रम के अंतिम दिवस दधिकांदो महोत्सव का आयोजन किया जावेगा।

## गर्मी ने भी अपना असर दिखाना शुरू कर दिया



**कटनी।** कभी ठंड की बिदाई नहीं हो रही थी रिकार्ड पर रिकार्ड टूट फाल्गुन माह लगने के साथ ही गर्मी ने भी अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। दिन में तेज धूप परेशान करने लगी है। वहीं रात को हल्की सर्दी का भी अहसास हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार जबलपुर संभाग में कई स्थानों पर आंधी चलने की संभावना जताई है जिसके तहत कटनी जिले में अनेक स्थानों पर आने वाले दिनों में धूलभरी आंधी चलने तथा आसमान पर बादलों के डेरे रहने की उम्मीद है। संभव है ऐसे में छिटपुट बारिश भी हो जाए लेकिन अब तापमान में गिरावट नहीं होगी मतलब गर्मी के लिए लोग तैयार रहें। इधर मौसम बदलने से मौसमी बीमारियों की दस्तक भी शुरू हो गई है ऐसे में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गनीमत है कि कोरोना की लहर की लगभग बिदाई हो चुकी है।

### कटनी रेल खंड पर हो रहे कई कार्य

## न्यू कटनी स्टेशन से सिंगरौली के बीच ऑनलाइन मॉनिटरिंग रोलिंग सिस्टम



**कटनी।** कटनी रेल खंड पर कई कार्य किये जा रहे हैं विशेष तौर पर कटनी बीना तथा कटनी सिंगरौली रेल लाइन को अत्याधुनिक बनाने के लिए रेलवे तत्पर है। इसी कड़ी में रेल दुर्घटनाओं की दर शुन्य पर लाने को लेकर रेलवे की ओर से लगातार रेल पटरियों को अपग्रेड किया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे में इसी क्रम में सिंगरौली से न्यू कटनी स्टेशन के बीच ऑनलाइन मॉनिटरिंग के बावत रोलिंग सिस्टम लगाया गया है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक रोलिंग स्टॉक जिसमें ट्रेन के नीचे पहिया सहित अन्य कलपुर्जे की निगरानी के लिए लगाए गए ऑटोमेटिक ऑनलाइन रोलिंग सिस्टम में दोष यानी कमियों की जानकारी प्राप्त हो सकेगी। अभी तक इस रूट पर रोलिंग स्टॉक की 70 निगरानी मैनुअल यानी रेल कर्मियों के जरिए हाई मास्ट टार्च के जरिए देखकर की जाती रही है। जबलपुर के मंडल की ओर से सिंगरौली-न्यू कटनी जंक्शन रेलखंड पर खतन्ना बंजारी व पिपरियाकलां स्टेशन के मध्य ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम की स्थापना की गई है। इस सिस्टम से दोनों स्टेशनों पर सूचना मिलेगी। इस रूट में आगे अभी अन्य दूसरे स्टेशनों के बीच यह सिस्टम लगाया जाएगा। रोलिंग स्टॉक सिस्टम के जरिए चलती ट्रेन में रोलिंग के बियरिंग और पहियों में दोषों का पता लगाया जाएगा। स्टेशनों में कंट्रोल रूम को ट्रेन के इंजन व कोच में रोलिंग के बियरिंग व पहिया में दोषों होने की जानकारी मिल जाएगी। समय रहते दोष हि सकेगा। मानिटरिंग के एकॉस्टिक बेयरिंग डिटेक्टर (जीडी) और व्हील इंपैक्ट लोड डिटेक्टर (डब्लूआइएलडी)/व्हील कंडीशन मॉनिटरिंग (डब्लूसीएम) प्रणाली लगाई गई है। पश्चिम मध्य रेलवे के कटनी-सिंगरौली सिंगल रेललाइन खंड में जोबा से डुबरीकलां स्टेशनों के बीच एक और अत्याधुनिक नया इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नल स्थापित कर दिया है। रेलवे के तीनों मंडलों में मिलाकर कुल 101 इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नल सिस्टम स्थापित किए जा चुके हैं। इस साल का यह 5 वां इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नल सिस्टम है। कटनी से सिंगरौली के बीच सलहना-खन्ना बंजारी के 21 किमी रेलखंड के दोहरीकरण व तिहरीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। इतना ही नहीं रेल संरक्षा आयुक्त ने रेलखंड पर स्पीड ट्रायल कर अ्रेनों की रफ्तार बढ़ाने को लेकर हरीझंडी भी दे दी है। रेलखंड पर दोहरीकरण के कार्य में न्यू कटनी जंक्शन से कटंगिखुर्द तक 8 किमी, देवराग्राम से मझौली तक 8 किमी व सलहना से खन्ना बंजारी 21 किमी तक कुल 37 किमी का कार्य पूर्ण किया गया।



## यूपी चुनाव में सक्रिय विधायक संजय पाठक, पहुंचे चित्रकूट

**कटनी।** यूपी चुनाव में विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक निरंतर सक्रिय हैं। मथुरा के बाद उन्होंने कल चित्रकूट पहुंच कर लोगों से संपर्क किया। चित्रकूट विधानसभा में प्रचार के दौरान भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष श्री स्वतंत्र देव सिंह की चित्रकूट विधान सभा क्षेत्र के प्रत्याशी लोक निर्माण राज्यमंत्री श्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय के समर्थन में आयोजित जनसभा में विजयराघवगढ़ विधायक श्री संजय सत्येन्द्र पाठक उपस्थित रहे । भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री सिंह ने अपने उदबोधन में कहा केंद्र सरकार के सात साल और प्रदेश सरकार के पांच साल की योजनाओं व उपलब्धियों पर हम लोगों का आशीर्वाद लेने घर-घर जा रहे हैं। हमने जो कहा वह किया है और आज जो कह रहे हैं करेंगे। हम वंशवाद नहीं बल्कि विकासवाद के नाम पर वोट मांग रहे हैं। इस अवसर पर विधायक संजय पाठक ने भी जनसभा को संबोधित करते लोगों से आशीर्वाद मांगा। जन सभा के बाद विधायक श्री पाठक ने विधानसभा क्षेत्र में अन्य क्षेत्रों में प्रचार भी किया ।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 25 से
1,3, 7 एवं रात्रि 9 बजे से




गंगुबाई कठियावाड़ी
कलाकार- आलिया भट्ट, अजय देवगन, विजय राज, सीमा पहवा आदि।
Tickets Available on Book My Show

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 25 से
12,4, 6 एवं रात्रि 10 बजे से




VALIMAI (हिन्दी में)
कलाकार- अजीत कुमार, हुमा कुरैशी, योगी बाबू, दिनेश प्रभाकर आदि।
Tickets Available on Book My Show

नीरज सिनेप्लेक्स में




ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 25 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
VALIMAI
(हिन्दी में)
कलाकार- अजीत कुमार, हुमा कुरैशी, योगी बाबू, दिनेश प्रभाकर आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास-100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

## राशन दुकान से मिलेगी 5 किलो का छोटा सिलेंडर



**कटनी।** उचित मूल्य की राशन दुकान में चावल, गेहूं, शक्कर के साथ ही 5 किलो की छोटी गैस सिलेंडर मिलेगी। राशन दुकान से छोटी सिलेंडर प्रदाय करने की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। इस बारे में जिला आपूर्ति अधिकारी बालेंद्र शुक्ला ने बताया कि सुरक्षा संबंधी मापदण्डों के बारे में जिले में स्थित कंपनी के वितरकों द्वारा उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं को प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। किसी भी दुकान पर एक समय में 100 किलो ग्राम से अधिक एलपीजी अर्थात 20 सिलेण्डर (5 किलो ग्राम) से अधिक संख्या नहीं रहेगी। बिक्री पर राशनदुकानदार को 45 रूपये कमीशन प्राप्त होगा। आपको बता दें कि सरकार ने यह निर्णय लिया था जिस पर अब अमल शुरू होने वाला है।

यश भारत
# सिटी न्यूज
कटनी, शुक्रवार, 25 फरवरी 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

## 24 घंटे पानी देने का आश्वासन देकर बढ़ाया था टैक्स, अब बमुश्किल 4 दिन हो रही जलापूर्ति

# भयावह जलसंकट के मुहाने पर शहर

यश भारत खबर विशेष

कटनी। शहर भयावह जलसंकट के मुहाने पर खड़ा हो गया है। अब सप्ताह में केवल 4 दिन एक ही समय पर जलापूर्ति की जा रही है। जलापूर्ति में कटौती की वजह से शहर के कई इलाकों में गर्मी की दस्तक के पहले ही लोग पीने के पानी के लिए परेशान देखे जा रहे हैं। अभी यह हाल है तो आने वाले अप्रैल, मई और जून के महीने में क्या होगा, इसको लेकर लोग चिंतित दिख रहे लेकिन ऐसा लगता है कि नगर निगम प्रशासन बेफिक्र नजर आ रहा है, तभी तो जल संकट की आहट के बाद भी अभी तक इससे निपटने कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे। यह स्थिति तब है, जब नगर निगम प्रशासन ने शहर के लोगों से 24 घंटे पानी देने का आश्वासन देकर जलकर 90 रूपए से बढ़ाकर 173 रूपए कर दिया था। इसके बावजूद पानी तो मिला नहीं, बल्कि शहर के लोगों को टैक्स पूरा भरना पड़ रहा है। इस पूरे मामले में नगर निगम के तत्कालीन सत्तापक्ष के साथ ही जिम्मेदार अफसरों की लापरवाही सामने आ रही है, जिन्होंने समय रहते जल संकट से निपटने कोई प्रयास नहीं किए, जिसका खामियाजा अब पूरे शहर को भुगतना पड़ सकता है।

नगर निगम प्रशासन पिछले कई सालों से शहर में एक ही टाइम जलापूर्ति कर रहा है। इसके पीछे पर्याप्त बारिश नहीं होने को कारण बताया जा रहा है। नगर निगम का कहना है कि पिछले साल भी कटनी जिले में पर्याप्त बारिश नहीं हुई, जिसके चलते कटनी नदी के कटाएघाट स्थित बैराज में पानी की कमी बनी रही और वह पूरा नहीं भर पाया। बारिश कम होने के कारण नगर निगम द्वारा पिछले साल दिसंबर से सप्ताह में दो दिन जलापूर्ति में कटौती की गई। इसके बाद अब विगत 21 फरवरी से एक बार फिर जलापूर्ति में कटौती के निर्देश दिए गए। अब सप्ताह में केवल चार दिन मंगलवार, गुरूवार, शुक्रवार और रविवार को जलापूर्ति की जा रही है। कटौती किए जाने के पीछे बैराज में पानी का स्तर कम होना बताया गया।

### कम बारिश होने से बने ऐसे हालात

जानकारी के मुताबिक इस साल पिछले वर्ष की तुलना में करीब 50 फीसदी कम बारिश हुई है, जिसके कारण शहर में जलसंकट के हालात बने हैं। यही कारण है कि शहर में सप्ताह में केवल चार दिन एक ही समय पर जलापूर्ति की जा रही है। इस सबके बीच तत्कालीन नगर निगम परिषद के उस प्रस्ताव का क्या होगा, जिसमे 24 घंटे पानी देने की बात कहकर जलकर बढ़ा दिया गया था। इसको लेकर शहर के लोगों में रोष देखने को मिल रहा है।

कटनी नदी के कटाएघाट स्थित बैराज में दिनोंदिन घट रहा जलस्तर



### शहर में प्रति उपभोक्ता 135 लीटर के अनुसार हो रही पेयजल आपूर्ति

मिली जानकारी के अनुसार शहर में 21 हजार उपभोक्ताओं में से प्रति उपभोक्ता 135 लीटर पानी के अनुसार पेयजल आपूर्ति की जा रही है। शहर की जनसंख्या भले ही 2 लाख 30 हजार हो लेकिन नल कनेक्शन 21 हजार उपभोक्ताओं के पास हैं। इसी हिसाब से शहर में 135 लाख लीटर पानी की सप्लाई होती है, लेकिन यह सप्लाई सप्ताह में अब केवल 4 दिन ही हो रही है। कटनी नदी के बैराज की हाइट 13 मीटर हाइट है। जानकारी के मुताबिक यह करीब 12 फीट खाली हो गया है। ऐसी स्थिति में पेयजल आपूर्ति अप्रैल तक होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

### मोटर लगाकर निकाल रहे पानी

सीजन में बारिश कम होने व रबी सीजन में कटनी नदी से किसानों द्वारा मोटर रखकर पानी खींचे जाने का असर अभी से दिखने लगा है। यही हाल ग्रामीण क्षेत्र विशेष कर जिले के ड्राय एरिया पठार में दिख रहा है। यहां मोटर रख कर नदी से पानी खींचा जा रहा है। यदि प्रशासन द्वारा समय पर इन स्थितियों पर रोक नहीं लगाई गई तो गर्मी के मौसम में स्थितियां खतरनाक हो सकती हैं।

### 19 वार्डों में पीने के पानी को लेकर विकराल हो रही स्थिति

नगर निगम सीमा के अंतर्गत आने वाले 19 वार्डों में पानी को लेकर स्थिति विकराल हो रही है। इन वार्डों में आलम यह है कि सुबह से ही पानी के लिए लोगों को परेशान होना पड़ता है। जानकारी के मुताबिक सुबह 7 बजे से नगर निगम द्वारा पेयजलापूर्ति की जाती है, लेकिन कईयों बार समय पर पेयजल आपूर्ति नहीं हो पाती, जिसके चलते लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। लोगों का साफ कहना है कि जब नगर निगम द्वारा टैक्स पूरा लिया जा रहा है तो फिर पानी एक ही टाइम पर क्यों दिया जा रहा है, इसके अलावा अब सप्ताह में केवल 4 दिन ही जलापूर्ति की जा रही है। बताया जाता है कि नगर निगम द्वारा शहर के कई वार्डों में दोपहर के समस बोरिंग से भी जलापूर्ति की जाती है लेकिन इसका भी समय निर्धारित नहीं होने की वजह से लोग दिनभर पानी के इंतजार में रहते हैं।

### 24 घंटे की बजाए 24 मिनट भी पानी नहीं मिल रहा शहर को : मिथलेश जैन

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश जैन ने बताया कि तत्कालीन महापौर शशांक श्रीवास्तव द्वारा 24 घंटे पानी देने और टैक्स बढ़ाए जाने को लेकर एक प्रस्ताव नगर निगम परिषद में रखा था, जिसका कांग्रेस पार्षदों ने विरोध किया था। उस समय महापौर द्वारा राज्य सरकार के एक पत्र का हवाला देते हुए बरगी नहर का पानी कटनी नदी तक लाकर शहर के लोगों को 24 घंटे पानी देने की बात कही गई थी। जिस पर विपक्ष का यह कहना था कि अभी बरगी नहर नहीं बनी है, जब बन जाए और लोगों को 24 घंटे पानी मिले, तब टैक्स बढ़ाया जाना उचित होगा। श्री जैन ने कहा कि चूंकि परिषद में भाजपा का बहुमत था, इसलिए यह प्रस्ताव पारित हो गया और जलकर 90 रूपए से बढ़ाकर 150 रूपए कर दिया गया और उसमे भी हर साल 5 प्रतिशत की वृद्धि लागू कर दी गई। श्री जैन ने कहा कि आज ये हालत है कि 24 घंटे की बजाए 24 मिनट भी पानी नहीं मिल रहा है।

### बरगी नहर का पानी कटनी नदी तक लाने कोई कार्ययोजना नहीं

बरगी नहर का पानी कटनी नदी तक लाने की योजना पर रत्ती भर भी काम नहीं हुआ है। जनप्रतिनिधियों के कोरे आश्वासन के बावजूद बरगी नहर का पानी कटनी नदी तक नहीं पहुंच पाया है। नगर निगम की तत्कालीन परिषद द्वारा बरगी नहर का पानी कटनी नदी तक लाए जाने के नाम पर ही 24 घंटे पानी देने का आश्वासन दिया गया था, जबकि हकीकत यह है कि स्लीमनाबाद के पास अभी तक बरही नहर का काम पूरा भी नहीं हो पाया है। जानकारी के मुताबिक बरगी नहर का पानी कटनी नदी में मिलाने के लिए शासन-प्रशासन के पास कोई कार्ययोजना ही नहीं है।





## ब्रह्मदेव समाज के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर स्वागत

**कटनी।** ब्रह्मदेव समाज का मध्यप्रदेश अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा मिश्रा को नियुक्त किया गया। इस उपलक्ष में कैमोर द्वारा सम्मान समारोह रखा गया। श्रीमती प्रतिभा मिश्रा को प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया जाने पर श्रीमती माधुरी तिवारी द्वारा निवास पर सम्मान समारोह रखा गया। जिसमे श्रीमती माधुरी तिवारी द्वारा श्रीमती प्रतिभा मिश्रा को हल्दी एवं कुंमकुंम से तिलक कर माला पहनाकर व श्रीफल भेंट किया एवं श्रीमती शालिमा दीक्षित द्वारा रचित बहुत ही सुन्दर कविता स्वागत में सुनाई गई। उपस्थित सदस्यों द्वारा भी स्वागत किया गया। ब्रह्मदेव समाज के उपस्थित सदस्यों को श्रीमती प्रतिभा मिश्रा द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में श्रीमती माधुरी तिवारी, श्रीमती प्रेम तिवारी, श्रीमती अंजली तिवारी, श्रीमती शालिमा दीक्षित, सुषमा शुक्ला, श्रीमती आशा शर्मा, श्रीमती छमा तिवारी, ओमप्रकाश गर्ग आदि ब्रह्मदेव समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

# स्कूली छात्राओं के बनाए जाएंगे ड्राइविंग लाइसेंस

### लाइसेंस बनने के बाद अपने खर्च पर वाहन चलाने का प्रशिक्षण भी देना होगा स्कूलों को

**कटनी।** महिला एवं बाल विकास विभाग की लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 के तहत प्रदेश भर के सरकारी एवं प्राइवेट स्कूल की 18 वर्ष या उससे ज्यादा उम्र वाली छात्राओं के लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाएंगे, इसके लिए ऑनलाइन परीक्षा की तैयारी की जा रही है। जल्द ही इस पर क्रियान्वयन शुरू हो रहा है हालांकि स्थानीय स्तर पर अभी तक कोई निर्देश जारी नहीं हुए हैं। जानकारी के मुताबिक ड्राइविंग लाइसेंस बनने के बाद स्कूल अपने खर्च पर उन्हें वाहन चलाने का प्रशिक्षण भी दिलवाएंगे। योजना के अंतर्गत ना आने व छात्र-छात्राओं की भी लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनवाए जाएंगे। लोक शिक्षा संचालक ने संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश जारी किया है।



### इनका कहना है

शासन स्तर पर इस योजना को लेकर विचार विमर्श चल रहा है लेकिन अभी तक लिखित में कोई भी आदेश जारी नहीं हुए हैं। जैसे ही निर्देश मिलेंगे, अमल किया जाएगा। महिला सशक्तिकरण के तहत पहले से ही स्कूली छात्राओं के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाने का प्रावधान है।

**-नयन सिंह, डीपीओ**
**महिला एवं बाल विकास विभाग**

राज्य सरकार द्वारा 18 वर्ष या इससे अधिक आयु वाली छात्राओं के ड्राइविंग लाइसेंस बनाने को लेकर नए निर्देश जारी किए गए हैं। जल्द ही इस पर अमल किया जाएगा। ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए प्रशिक्षण को लेकर अभी तक कोई निर्देश नहीं मिले हैं।

**-पृथ्वीपाल सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी**



## युवक कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने में ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही नियुक्तियां

उमरियापान, यशभारत। आगामी समय में होने वाले चुनावों को लेकर कांग्रेस संगठन द्वारा शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में नियुक्तियां की जा रही हैं। इसी क्रम में उमरियापान क्षेत्र के कांग्रेस नेता मुकेश परौहा के पुत्र सुलभ परोहा को बड़वारा विधानसभा का युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष बनाया गया है। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, कटनी जिला अध्यक्ष मनु दीक्षित एंव बड़वारा विधायक विजयराघवेन्द्र सिंह की अनुसंशा पर सहलावन पिपरिया निवासी सुलभ परोहा को विधानसभा युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## रजक समाज ने उत्साह के साथ मनाई संत शिरोमणि गाडगे महाराज की जयंती

**कटनी।**





समस्त रजक समाज विकास समिति के तत्वाधान में संत शिरोमणि गाडगे महाराज जी की 146वी जयन्ती संत गाडगे आश्रम पहरुआ गल्ला मंडी के पीछे विगत 23 फरवरी को उत्साहपूर्वक मनाई गई। जयंती समारोह में उपस्थित रजक समाज बंधुओं द्वारा संत शिरोमणि गाडगे महाराज जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित किया गया और पूजा अर्चना की गई। इसके उपरांत भजन कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में प्रबुद्ध वर्गों, समाजसेवियों, छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में युवक-युवती परिचय सम्मेलन व भण्डारा प्रसाद वितरण के साथ ही कार्यक्रम का समापन किया गया। आयोजन समिति ने रजक समाज के नागरिकों से कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया है। इस अवसर पर समस्त रजक समाज विकास समिति के अध्यक्ष कोदूलाल रजक, सचिव राजेश रजक, कोषाध्यक्ष उमेशचंद रजक सहित बड़ी संख्या में रजक समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

**कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)**

क्र./8601/लो.नि.वि./निर्माण/2022 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — कटनी, दिनांक -23/02/2022

नगरपालिक निगम कटनी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें https://www.mptenders.gov.in पर Key Date & Time अनुसार म.प्र. शासन लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, भोपाल के भवन/रोड एण्ड ब्रिज आई.एस.एस.आर 2021 के आधार पर प्रतिशत दर कम या अधिक पर दी जावे। समस्त शर्तें व कार्यों की जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम कटनी में एवं पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार आयुक्त नगरपालिक निगम कटनी को होगा। नवीन लेखा नियम प्रभावशील रहेगा।

| क्रं. | कार्य का स्थल | प्राक्कलन राशि ( रुपये लाख में ) | अमानत राशि ( रूपये में ) | समय अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये में | निविदा आमंत्रण का क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रमांक 05 में वार्डस्ले स्कूल के सामने पेवर ब्लाक एवं कर्ब स्टोन का कार्य | 1.84 | 3680 | 30 दिवस | 2000 | प्रथम |
| 2 | मदनमोहन चौबे वार्ड स्थित कब्रिस्तान में शेड निर्माण कार्य | 2.40 | 2400 | 60 दिवस | 2000 | प्रथम |
| 3 | मदनमोहन चौबे वार्ड स्थित कब्रिस्तान में नाली एवं पेवर ब्लाक फ्लोरिंग कार्य | 2.06 | 2060 | 60 दिवस | 2000 | प्रथम |
| 4 | विश्राम बाबा वार्ड में आयकर कार्यालय के सामने योजना क्रमांक 14 में नाली निर्माण कार्य | 8.12 | 8120 | 90 दिवस | 2000 | प्रथम |
| 5 | जगमोहन दास वार्ड के संतनगर में सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य। | 9.19 | 9190 | 90 दिवस | 2000 | द्वितीय |


**नोट:-** शासन द्वारा जारी आदेशों का पालन करना अनिवार्य होगा, जो अनुबंध का एक अंश होंगे निविदा में यदि कोई संशोधन होता है तो वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रों में नहीं (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि 28/02/2022 को सायंकाल 5.30 से। (2) निविदा प्रपत्र बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15/03/2022 को सायंकाल 5.30 बजे तक। (3) बिड खोलने की तिथि 17/03/2022 को दोप.03.00 बजे से।

**कार्यपालन यंत्री, वास्ते- आयुक्त, नगरपालिक निगम, कटनी**

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

**किराये से देना है**
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

Dr
**सी. आर. एम.**
**डे केयर क्लीनिक**
**डॉ. एस. के. शर्मा,** एमडी (मेडिसिन)
वरिष्ठ चिकित्सा एवं छाती रोग विशेषज्ञ
पूर्व सिविल सर्जन, जिला अस्पताल
कटनी (म.प्र.) मो. 9425158548
सुबह 12 से सायं 4 बजे एवं रात्रि 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक
(रविवार अवकाश)
**डॉ. अभिषेक शर्मा (एमबीबीएस)**
डिप्लोमा इन कार्डियोलॉजी (पी.जी.डी.सी.सी.) फैलोशिप इन डायबिटिस,
हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ, पूर्व फीजिशियन जिला अस्पताल
कटनी म.प्र. मो. 8826395999 -
परामर्श समय : सुबह 10:30 बजे से दोपहर 04:30 बजे एवं सायं 06:30 बजे से रात्रि 08:30 बजे तक एवं रविवार प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
सुविधाएं- ई.सी.जी., टी.एम.टी./ट्रेड मिल टेस्ट, इकोकार्डियोग्राफी, एक्सरसाइज स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी डोबुटामिन स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी एवं एक्सरे, पैथोलॉजी, पी.एफ.टी. (फेफड़े की जांच)
पता- डॉ. शर्मा तिराहा, बिहारी सोनी मार्केट, पुरानी बस्ती, आजाद चौक, कटनी, (म.प्र.) फोन- 07622-225824, 8826395999

mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।

Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने,
कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

# अमानक खाद्य सामग्री पाए जाने पर लगाया 1 लाख 20 हजार रूपये का अर्थदंड

## अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने सात प्रकरणों में सुनवाई के बाद लगाया जुर्माना

**कटनी। प्रदेश में मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने वालों के खिलाफअभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिए हैं। जिले में भी मिलावटखोरों के खिलाफ संयुक्त टीमें जांच कर रही हैं और अमानक सामग्री पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा प्रस्तुत किए गए सात प्रकरणों में न्याय निर्णायक अधिकारी, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने अमानक व मिथ्या छाप सामग्री पाए जाने पर संबंधितों पर अर्थदंड लगाया है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मेसर्स जय जगदंबे दाल मिल कलेक्ट्रेट के सामने प्रतिष्ठान पर जांच कर दो ब्रांड के बेसन के नमूने लिए थे और जांच को भेजे थे। नमूने अमानक व मिथ्याछाप पाए जाने पर अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने प्रभारी विक्रेता मनीष पंजवानी निवासी हाउसिंग बोर्ड पर 50 हजार रूपये का अर्थदंड लगाया है। संबंधित प्रतिष्ठान में मिथ्याछाप नमकीन का निर्माण संग्रहण करने पर जियंदराय पंजवानी पर 70 हजार रूपये का अर्थदंड अधिरोपित किया है।**

खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग की टीम ने मेसर्स लल्लूलाल, सुशील कुमार विजयराघवगढ़ के संचालक सुनील गुप्ता के प्रतिष्ठान में जांच के दौरान शंका होने पर खड़ा धना व डायमंड ब्रांड पान चटनी के नमूने लेकर जांच को भेजे थे। जांच में दोनों ही खाद्य सामग्री अमानक व मिथ्याछाप पाई गई। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने संचालक पर 50 हजार रूपये का अर्थदंड लगाया है। वहीं आजाद चौक स्थित शारदा स्वीट्स एंड आइसक्रीम पार्लर के संचालक रामजी अग्रवाल के प्रतिष्ठान की जांच के दौरान खाद्या सुरक्षा विभाग की टीम ने पेड़ा व नमकीन के नमूने लेते हुए जांच को भेजे थे। मिथ्याछाप पेड़ा विक्रय होने पर प्रकरण में सुनवाई के बाद अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने संचालक पर 25 हजार रूपये का अर्थदंड अधिरोपित किया है।

जबलपुर रोड स्थित प्रतिष्ठान माखन मिसरी रेस्टारेंट में जांच के दौरान खाद्य विभाग की टीम ने किचिन में उपयोग होने वाले यलो रंग, जी ब्रांड काला नमक के नमूने मौके से लिए थे और जांच को भेजे थे। प्रकरण में सुनवाई के बाद अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने रेस्टारेंट के संचालक गुलशन गंगवानी पर अपद्रव्य यलो रंग व मिथ्याछाप काला नमक का खाद्य पदार्थों में उपयोग व संग्रहण करने पर 25 हजार व एक अन्य संचालक राजेन्द्र गंगवानी पर 50 हजार रूपये, कुल 75 हजार रूपये का अर्थदंड लगाया है। मेसर्स समर किराना स्टोर पेट्रोल पंप तिराहा स्लीमनाबाद संचालक समर बहादुर सिंह के प्रतिष्ठान में जांच के दौरान खाद्य विभाग की टीम ने मैदा, अनमोल ब्रांड नमकीन की गुणवत्ता पर संदेह होने पर नमूने लिए थे। खाद्य विभाग ने प्रकरण अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी की न्यायालय में प्रस्तुत किया था। प्रकरण में सुनवाई के बाद अपर कलेक्टर ने मिथ्याछाप अनमोल ब्रांड नमकीन का विक्रय व संग्रहण करने को दोषी पाए जाने पर संचालक पर 25 हजार रूपये का अर्थदंड लगाया है।

इसी प्रकार धारा ट्रेडर्स राबर्ट लाइन माधवनगर में खाद्य विभाग की टीम ने जांच की थी। निरीक्षण के दौरान टीम ने गुणवत्ता के संदेह पर खोवा बर्फी के नमूने प्रतिष्ठान से लिए थे और जांच को भेजे थे। साथ ही प्रकरण को अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। मामले में सुनवाई के बाद मिथ्याछाप खोवा बर्फी पाए जाने पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने प्रतिष्ठान के संचालक नमन चौरसिया निवासी उमरियापान पर 25 हजार रूपये का अर्थदंड लगाया है। धारा ट्रेडर्स राबर्ट लाइन में ही जांच के दौरान टीम ने नमकीन सेव व बेसन की गुणवत्ता पर संदेह होने पर जांच नमूने लिए थे और जांच को भेजे थे। जांच में नमकीन सेव मिथ्याछाप पाया गया। प्रकरण में सुनवाई के बाद अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने संचालक शंकर सागर निवासी कैरिन लाइन माधवनगर पर 50 हजार रूपये का अर्थदंड लगाया है।

# पक्के मकान का सपना साकार कर रही सरकार








नगर निगम के आडिटोरियम में पीएम आवास योजनांतर्गत हुआ शहरी हितग्राहियों के लिए हितलाभ वितरण कार्यक्रम

**कटनी।** हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसके जीवन में उसका पक्का मकान हो और वह खुशहाली के साथ अपना जीवन यापन कर सके। सरकार हर व्यक्ति के पक्के मकान का सपना पूरा कर रही है। हमारे सांसद व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वी.डी. शर्मा भी नगर के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं और कोरोना काल में भी महामारी से निपटने के लिए चिकित्सा व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी है। यह बात प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना अंतर्गत भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के साथ नगर निगम के आडिटोरियम में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि सरकार जहां पक्के मकान लोगों को उपलब्ध करा रही है तो उसके अलावा सस्ती दर पर गैस सिलेंडर, बिजली, शिक्षा सहित अन्य सुविधाएं समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम अतिथि रूप में निवृतमान महापौर शशांक श्रीवास्तव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी मौजूद थे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत 1 लाख से अधिक हितग्राहियों को कार्य देय किश्तों का सिंगल क्लिक द्वारा वितरण किया गया। साथ ही भूमिपूजन, गृह प्रवेश और हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद कार्यक्रम हुआ, जिसका सीधा प्रसारण भी स्थानीय कार्यक्रम में किया गया। वर्चुअल कार्यक्रम में खजुराहो कटनी सांसद वीडी शर्मा के संदेश भी उपस्थितजनों ने सुना। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने कार्यक्रम व हितग्राहियों को किए गए लाभ वितरण के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि नगर पालिक निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के बीएलसी घटक के पात्र हितग्राहियों को किश्त की राशि का वितरण किया गया। जिसके तहत पात्र 10 हितग्राहियों को प्रथम किश्त के रुप में 10 लाख रुपये, द्वितीय किश्त के रूप में 107 हितग्राहियों को 1 करोड़ 7 लाख रूपये और तृतीय किश्त के 140 हितग्राहियों को 70 लाख रूपये वितरित किए गए। कार्यक्रम के पूर्व प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक के 75 हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया और बीएलसी घटक के 265 हितग्राहियों का भूमिपूजन व 259 हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया। इस दौरान पूर्व नगर निगम अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रहरि, अभिषेक ताम्रकार, गीता गुप्ता, पूर्व पार्षद शिल्पी सोनी, निवृतमान पार्षद गुलाब बेन, सुखदेव चौधरी, राजेश जाटव, पावर्ती निषाद, कल्लूबाई कोल, लक्ष्मीबाई, महेश शुक्ला, मिट्ठूलाल जैन, मारूफ अहमद हनफी, मंगल चौधरी, चोखे भाईजान, पायल जैतवानी, ब्राण्ड एम्बेसडर सहित अन्य जन मौजूद थे।

## गहोई समाज का मेद्यावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह 6 मार्च को

**कटनी।** गहोई समाज में शैक्षणिक प्रगति की ओर विद्यार्थियों को आत्मबल प्रदान करने का दायित्व लिये स्थानीय गहोई समाज की संस्था गहोई वैश्य पंचायती सत्संग भवन ट्रस्ट द्वारा आगामी 6 मार्च को मेद्यावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह 2021 का भव्य आयोजन समाज के भवन में दोपहर 3 बजे से किया जाएगा। जिसमें समाज के छात्र-छात्राओं को विभिन्न वर्ग में विद्यालय, महाविद्यालय, सांस्कृतिक, खेलकूद, प्रतिष्ठापूर्ण राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगी परीक्षाओं में अग्रणी होकर समाज को गौरवान्वित करने पर सम्मानित किया जायेगा। समारोह में समाज के सेवानिवृत शिक्षक-शिक्षिका का भी शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिये भी सम्मानित किया जा रहा है। गहोई समाज ट्रस्ट कमेटी द्वारा सभी स्वाजातीय बंधुओं से धर्मशाला पहुचकर विद्यार्थियों का उत्साह बर्धन एवं कार्यक्रम को सफल बनाने आग्रह किया गया है।

## सेना एवं पुलिस भर्ती में शामिल होने निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर

### इच्छुक आवेदक 15 मार्च तक गूगल लिंक के माध्यम से कर सकते हैं ऑनलाईन आवेदन

**कटनी।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा सेना एवं पुलिस भर्ती में शामिल होने वाले जिले के आवेदकों के लिये परीक्षा के पूर्व की तैयारियों के संबंध में 3 माह का निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर जिलास्तर के साथ ही विकासखण्ड स्तर पर भी आयोजित किये जायेंगे। जिसके तहत फॉरेस्टर खेल मैदान कटनी, उत्कृष्ट स्कूल खेल मैदान बड़वारा, बंजारी खेल मैदान विजयराघवगढ़, ग्राम पंचायत खेल मैदान रीठी, पड़वार खेल मैदान स्लीमनाबाद तथा खेल मैदान बहोरीबंद औश्र अंधेलीबाग खेल मैदान ढीमरखेड़ा में इन प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन होगा। जिला रोजगार अधिकारी डी.के. पासी ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविरों में योग्य प्रशिक्षकों द्वारा 50 आवेदकों का चयन किया जायेगा। चयन के आधार आवेदक की शैक्षणिक एवं शारीरिक योग्यता के आधार पर होगा। यह प्रशिक्षण शिविर प्रातः 6 बजे से 8.30 बजे तक एवं सांय 4 बजे से 6.30 बजे तक आयोजित होंगे। इन शिविरों में शामिल होने के लिये इच्छुक आवेदक को गूगल लिंक https://forms.gle/B2CgjhVftzne9pfo8 के माध्यम से अपना आवेदन कराना होगा। ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 15 मार्च 2022 निर्धारित की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीमांत पुन: बने अभाविप के जिला सहसंयोजक

**कटनी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकोशल प्रांत का दो दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग अनूपपुर में संपन्न हुआ।



अधिवेशन में परिषद के प्रांतीय पदाधिकारियों ने नवीन सत्र के लिए कार्यक्रम तय किए। अधिवेशन में महाकोशल प्रांत प्रत्येक जिले के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। अभाविप के प्रांत अधिवेशन के अंतिम दिन एवं अंतिम सत्र में महाकोशल प्रांत की नवीन घोषणाएं की गई। जिसमे पुनः अभाविप जिला सहसंयोजक कटनी के रूप में सीमांत दुबे की घोषणा की गई। उन्होंने कहा कि वे संगठन कार्य को एक नई गति प्रदान करने का प्रयास करेंगे।

### कोविड–19 संक्रमण एवं बचाव के लिये जारी प्रतिबंध समाप्त

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में कोविड-19 संक्रमण एवं बचाव के लिये पूर्व में जारी समस्त प्रतिबंध समाप्त कर दिये गये हैं। इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट रोमानुस टोप्पो ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत समस्त नागरिकों को पूर्ववत मास्क का उपयोग एवं सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करना अनिवार्य होगा।

### डिस्ट्रिक्ट लेवल एक्सपोर्ट कमेटी की बैठक 28 को

**कटनी।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र अजय श्रीवास्तव ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट लेवल एक्सपोर्ट प्रमोशन कमेटी की बैठक 28 फरवरी को आयोजित होगी। बैठक का आयोजन कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में शाम 5 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगा। इस बैठक में समिति सदस्यों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

### अनुबंध की शर्तो का उल्लंधन करने पर होगी भूखण्ड पंजीयन निरस्त करने की कार्यवाही

**कटनी।** टांसपोर्ट नगर पालिक निगम में वर्ष 2019 से भूखण्डों का पंजीयन कराया गया है। अनुबंध की शर्त अनुसार 01 वर्ष का अग्रिम रेंट जमा कराया जाना है। जिसके लिए 02 जनवरी एवं 14 फरवरी 2022 को संबंधितों को सूचना प्रदान की जा चुकी है। किन्तु आज तक अधिकांश ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों द्वारा लीज की राशि जमा नहीं कराई गई है। प्राधिकृत अधिकारी ट्रांसपोर्ट नगर योजना नगर निगम ने ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों से सात दिवस के अंदर देय राशि जमा करानें की सूचना प्रदान करते हुए कहा है कि अनुबंध की शर्तो का उल्लंधन करनें पर भूखंण्ड पंजीयन निरस्त करने की कार्यवाही की जाकर पृथक से कोई सूचना नही दी जाएगी।

### जलकर की राशि जमा नहीं करने पर काटे गए 6 नल कनेक्शन

कटनी। नगर निगम प्रशासन द्वारा वित्तीय वर्ष की समाप्ति को दृष्टिगत रखते हुए निगम के बकाया करों की वसूली के निरंतर प्रयास किये जा रहे है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में बकाया जलकर की वसूली हेतु गठित किये दल द्वारा निरंतर वार्डो में भ्रमण कर जल कर की बकाया वसूली की राशि निगम कोष में जमा कराने के प्रयास किये जा रहे है। जलकर प्रभारी अश्विनी पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि गठित दल द्वारा विगत दो दिवस में नगर के विभिन्न वार्डो में जलकर की बकाया राशि जमा न करने पर 6 लोगों आचार्य विनोवा भावे वार्ड जवाहर लाल मैकू लाल, सुखदेव प्रसाद तिवारी, गुरूनानक वार्ड निवासी गिद्दू मल नानूमल एवं भगवत सिंह गोपाल सिंह तथा रफी अहमद किदवई वार्ड मूलचंद प्रेमलाल तथा अंबेडकर वार्ड के विनोद कुमार बिलौहा के नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही की गई।

# वन नेशन, वन राशन कार्ड की जानकारी देने 14 मार्च तक चलेगा जागरुकता अभियान

**कटनी। प्रदेश शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार वन नेशन वन राशन कार्ड योजना की जानकारी के संबंध में जागरुकता अभियान चलाया जायेगा। इसके अभियान के तहत जिले में भी 24 फरवरी 2022 से कैम्प आयोजित किये जायेंगे। अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने वन नेशन वन राशन कार्ड योजना की जानकारी दिये जाने के लिये निर्माण स्थलों पर अधिकारियों को नियुक्त करते हुये दल गठित किये हैं। यह दल निर्धारित तिथियों व स्थलों में जागरुकता मेले का आयोजन का वन नेशन वन राशन कार्ड की योजना के संबंध में श्रमिकों को आवश्यक जानकारी प्रदान करेंगे। इन शिविरों के माध्यम से पोर्टेबिलिटी के माध्यम से राशन प्राप्त करना, आंशिक और पूर्ण राशन प्राप्त करने की व्यवस्था, मध्यप्रदेश के ही निवासी हैं तो समग्र आईडी में एक से ज्यादा स्थानों पर नाम न होना, नजदीकी राशन दुकान का नाम व पता, आधार सीडिंग के संबंध में, ईकेवाईसी के संबंध में पीएमजीकेएवाय योजना के संबंध में, मेरा राशन मोबाईल एप्लीकेशन के संबंध में तथा शिकायत के लिये हेल्पलाईन नंबर 14445 के संबंध में विस्तृत जानकारी हितग्राहियों को प्रदाय की जायेगी।**

अपर कलेक्टर श्री टोप्पो द्वारा जारी आदेश के तहत सहायक आपूर्ति अधिकारी को इस कार्य के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं तकनीकी समस्या के निराकरण के लिये जिला तकनीकी सहायक कटनी श्वेता दुबे के मोबाईल नंबर 7047547184 पर संपर्क किया जा सकता है। इस जागरुकता अभियान के तहत जिलेभर में 24 फरवरी से 14 मार्च 2022 तक विभिन्न स्थलों पर मेलों का आयोजन किया जायेगा। जिसका तिथिवार कैलेण्डर जारी किया गया है। जिसके अनुसार 24 फरवरी को डीएसग्रीन एग्रोटेक प्राईवेट लिमिटेड कंपनी, हर्ष नगर कटनी में कैम्प आयोजित होगा। इसी प्रकार 25 फरवरी को महाकौशल रिफैक्ट्रीज इंडस्ट्रियल एरिया कटायेघाट एरिया कटनी, 01 मार्च को सोनालेक पेन्ट्स एण्ड कोटिंग लमतरा, 02 मार्च को मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सब स्टेशन शांति नगर कटनी, 03 मार्च को रॉबिन टनलिंग एण्ड ट्रेन्सलेस टेक्नोलॉजी इंडिया प्राईवेट लिमिटेड ग्राम खिरहनी पोस्ट स्लीमनाबाद, 04 मार्च को इन्टार्कोट सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड रिंग रोड पन्ना मोड़, 07 मार्च को एवरेस्ट इंण्डस्ट्रीज लिमिटेड कैमोर, 08 मार्च को ड्राईसेस इंडिया प्राईवेट लिमिटेड लमतरा कटनी में जागरुकता कैम्पों का आयोजन किया जायेगा। वहीं 09 मार्च को मिराज ड्राईमेक्टस प्राईवेट लिमिटेड लमतरा, 10 मार्च को डाबर इंडिया लिमिटेड ग्राम संसारपुर तहसील बहोरीबंद, 11 मार्च को वॉलप्लास्ट प्रोडक्ट प्राईवेट लिमिटेड लमतरा और डालमिया सेवन रिफैक्ट्रीज लिमिटेड, 12 मार्च को महाकौशल रिफैक्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड ग्राम गुदरी स्लीमनाबाद और 14 मार्च को कैल्डरीज इंडिया रिफैक्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड में शिविर होंगे।



# दुबे कॉलोनी में कांग्रेस का व्यापक जनसंपर्क

### घर चलो घर-घर चलो कार्यक्रम

**कटनी।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मिथलेश जैन के नेतृत्व में 23 फरवरी को घर चलो, घर-घर चलो अभियान के तहत दुबे कॉलोनी से होते हुए छोटी खिरहनी तक व्यापक जनसंपर्क आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जनता का समर्थन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन, बड़वारा विधायक विजय राघवेंद्र सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अध्यक्ष करण सिंह चौहान, राकेश जैन कक्का, जालिम यादव, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता विक्रम खम्परिया, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष पंकज गौतम, अंशु मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष रमेश सोनी, राकेश गुड्डू द्विवेदी, महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष निशा मिश्रा, ग्रामीण अध्यक्ष माया चौधरी, प्रदेश सचिव हेमा शर्मा, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव रौनक खंडेलवाल, मंजू निषाद, मीनाक्षी बल्लवी, रजनी वर्मा, रुकमणी पांडे, जाफर खान, पुरुषोत्तम गौतम, मुस्ताक भाई, चोखे भाई, गगन तिवारी, जितेंद्र गुप्ता, सुशील साहू, राजा जगवानी, ओमप्रकाश अहूजा टोनी, अभय खरे, अजय कछवाहा, शशि शेखर भारद्वाज, जगदीश निषाद, राजकुमार झामनानी, संजय खरे, विजय मंगल चौधरी, रमेश प्यासी, रमेश अहिरवार, पार्थ समाधिया, मनोज बांझल, स्वप्निल सिंह, अहमद कुरैशी, रोहित, बीके तोमर, शुभम मिश्रा, अजय खटीक, अभय तिवारी, आकाश पटेल, ओम उर्मलिया, आशीष चतुर्वेदी, जित्तू कुरील, लखन कुरील, सूरज कुरील आदि कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

# शासकीय आईटीआई में हुआ जिला स्तरीय युवा सम्मलेन

**कटनी। नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में गतदिवस शासकीय आईटीआई, रोशन नगर में जिला स्तरीय युवा सम्मलेन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर डॉ. चित्रा प्रभात प्राध्यापक शास. तिलक महाविद्यालय के द्वारा किया गया।**






कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी कीर्तिका कुहर ने आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उपस्थित अतिथियों एवं युवाओ के प्रति धन्यवाद् ज्ञापित किया। मुख्य अतिथि डॉ. चित्रा प्रभात ने उपस्थित युवाओं को संबोधित किया। कार्यक्रम के बेहतर आयोजन के लिए उन्होंने नेहरु युवा केंद्र कटनी को बधाई दी। कटनी जिले के बडवारा, बहोरीबंद, रीठी, ढीमरखेड़ा, विजयराघवगढ़ एवं कटनी विकासखंड के विभिन्न गाँव से आये युवाओ, युवतियों ने अपने भारत की आजादी के 75 वर्ष, प्रधान मंत्री गरीब कल्याण योजना, फिट इंडिया, स्वच्छ भारत, भारत का संविधान, प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना, जल संरक्षण, बेटी बचो बेटी पढाओ जैसे राष्ट्रीय विषयों पर अपने बेबाक एवं ओजस्वी विचार रखे। जिले के सभी 6 विकासखंडों से वर्तमान एवं पूर्व रा. यु. स्व. एवं सक्रिय मंडल सदस्यों सहितयुवा सम्मिलित हुए। सभी सहभागी युवाओ को डॉ. माधुरी गर्ग कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना एवं प्राध्यापक शास. तिलक महाविद्यालय कटनी ने प्रतीक चिन्ह, प्रसस्ती पत्र एवं खेलकूद सामग्री देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शासकीय आईटीआई कटनी से अंतर सिंह, संत सिंह, विनोद मिश्रा, सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ का प्रदर्शन भोपाल में 13 मार्च को

### पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपेंगे ज्ञापन

**कटनी।** जनवरी 2005 को तथा उसके बाद नियुक्त हजारों कर्मचारी आगामी 13 मार्च को भोपाल में प्रदर्शन कर पुरानी पेंशन बहाली की मांग करेंगे तथा मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। उक्त विषय की जानकारी देते हुये अधिकारी–कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ के प्रांतीय प्रवक्ता मार्तण्ड सिंह राजपूत ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा 1 जनवरी 2005 से मध्य प्रदेश में नियुक्त होने वाले कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था टोटल बंद कर नई पेंशन योजना लागू कर दी गयी है। जिसके तहत कर्मचारियों के रिटायरमेंट पर प्रतिमाह मात्र 800 से 1000 रुपये तक ही पेंशन प्राप्त हो रही है, जिससे बुढ़ापे में कर्मचारियों की आजीविका चलाना मुश्किल हो गया है। नई पेंशन स्कीम में कर्मचारी के कुल वेतन का 10 प्रतिशत कटौती किया जाता है तथा शासन की ओर से 12 प्रतिशत राशि जमा की जाती है। इस राशि को शेयर मार्केट में लगाया जाता हैय जिसके चलते इन दिनों कर्मचारियों का भविष्य शेयर मार्केट के ऊपर निर्भर हो गया है। इस प्रकार रिटायरमेंट तक शेयर मार्केट में जमा कुल राशि का रिटायरमेंट होने पर 60 प्रतिशत कर्मचारी को नगद दिया जाता है तथा शेष 40 प्रतिशत जमा राशि के ब्याज से प्राप्त राशि को पेंशन के रूप में कर्मचारी को प्रदान किया जाता है वह जो ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। संगठन के प्रवक्ता श्री राजपूत ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन को लगातार ज्ञापन के माध्यम से एवं धरना प्रदर्शन कर पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने के लिए अरसे से मांग की जाती रही है। किंतु शासन द्वारा कर्मचारियों की मांगों को आज पर्यन्त तक अनदेखा किया गया है। इसलिए अब मजबूरी के चलते कर्मचारियों को आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ रहा है। बताया गया है किय राजस्थान सरकार ने भी गत दिवस बजट सत्र के दौरान इस वित्तीय वर्ष में राजस्थान राज्य के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने की घोषणा कर दी गयी है। उसी के अनुरूप अब मध्य प्रदेश सरकार को भी तत्काल अपने कर्मचारियों को पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करनी होगी। ताकि समस्त कर्मचारियों का बुढ़ापा सुरक्षित हो सके। यदि मध्यप्रदेश शासन शीघ्र ही पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने संबंधी कोई कदम नहीं उठाती है तो पूरे मध्यप्रदेश के कर्मचारी आगामी मार्च माह में राजधानी भोपाल में एकत्रित होकर जमकर धरना प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार को होश में लाने का प्रयत्न के साथ–साथ मुख्यमंत्री से पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने की मांग को पूरा करने का दबाव बनाएंगे।

गर्ल्स कॉलेज में पदस्थ लैब टेक्नीशियन मां ने शासन-प्रशासन से लगाई मदद की गुहार

# यूक्रेन में फंसी कटनी की मेडिकल छात्रा

**कटनी।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग के बीच कटनी की एक बेटी भी यहां फंसी हुई है। गर्ल्स कॉलेज में पदस्थ लैब टेक्नीशियन श्रीमती हेमलता सिंह की पुत्री सुनिधि यहां मेडिकल की पढ़ाई कर रही है। छात्रा और उसकी मां ने शासन से मदद की गुहार लगाई है। हेमलता सिंह ने बताया कि उनकी बेटी सुनिधि सिंह यूक्रेन में टर्नोपिल नेशनल यूनिवर्सिटी में मेडिकल की पढ़ाई कर रही है। इस साल उसका यह तृतीय वर्ष है। वह 2019 में मेडिकल की पढ़ाई के लिए यूक्रेन गई थी और टर्नोपिल नेशनल यूनिवर्सिटी में एडमीशन लेकर यूक्रेन में हाउस नंबर 13, स्ट्रीट रसका बिल्डिंग 7 टर्नोपिल सिटी में भारत की ही दो अन्य छात्राओं के साथ एक मकान में किराए से रही है।



मां हेमलता सिंह के साथ एयरपोर्ट पर बेटी सुनिधि सिंह।

हेमलता सिंह ने बताया कि कल रात को उनकी सुनिधि से आखिरी बार बात हुई थी, इसके बाद से ही फोन नहीं लग रहा। सुनिधि ने अपनी मां को बताया था कि वह और उसकी दोनों सहेलियां डरी और सहमी हुई है। उन्हें कुछ भी समझ नहीं आ रहा कि इन कठिन परिस्थितियों वह किससे मदद की गुहार लगाएं। यहां इंडियन ए बेसी से संपर्क करने पर भी कोई सहायता नहीं की गई। तीनों सहेलिया अपने घर के अंदर ही है। हेमलता सिंह ने बताया कि पिछले साल सितंबर में वह भारत आई थी और कटनी में कुछ दिन के लिए घर पर भी रुकी थी, इसके बाद वह वापस यूक्रेन चली गई, तभी से वह वहां पर है। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद से ही यहां रहने वाले छात्र डरे और सहमे हुए हैं।

### छात्रा ने वॉट्सअप कॉल के जरिए यशभारत से की बातचीत

मेडिकल छात्रा सुनिधि ने वॉट्सअप कॉल के जरिए यशभारत से बातचीत में बताया कि पिछले कुछ दिनों से यहां की स्थितियां काफी तनावपूर्ण बनी हुई है। रूस के हमले के बाद से ही यहां काफी दहशत का माहौल बना हुआ है। आसमान से कब कौन सा मिसाइल यहां गिर जाए, इसको लेकर लोग डरे हुए हैं। लोगों को अपने घरों के अंदर ही रहने के लिए कहा गया है लेकिन साफ-साफ नहीं बताया जा रहा है कि यह स्थितियां कब तक बनी रहेंगी। दूसरे देशों के लोगों को वतन वापसी के लिए भी कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। न्यूज चैनलों के माध्यम से ही जानकारियां मिल रही है। सुनिधि ने यह भी कहा कि यहां बड़ी संख्या में मेडिकल के छात्र हैं, जो पढ़ाई कर रहे हैं। सभी डरे और सहमे हुए है। सुनिधि ने यह भी बताया कि कल रात 11 बजे सायरन बजा था और सभी से अपने-अपने घरों के अंदर ही सुरक्षित रहने के लिए कहा गया था। यूक्रेन में रहने वाले छात्रों ने भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

# मिल संचालक पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

### छापे की कार्रवाई में जप्त हुई थी प्रतिबंधित तेवड़ा दाल



लमतरा इंडस्ट्रियल एरिया में संचालित केबीसी एक्सपोर्ट दाल मिल में दूसरी दालों व बेसन में मिलाने हो रहा था तेवड़े का उपयोग

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत लमतरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित केबीसी एक्सपोर्ट दाल मिल में छापे की कार्रवाई के बाद पुलिस ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी की शिकायत पर मिल संचालक अभिषेक जैन के विरूद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। गौरतलब है कि गुप्त सूचना पर बुधवार को खाद्य सुरक्षा विभाग व कुठला पुलिस ने लमतरा इंडिस्ट्रयल एरिया में संचालित केबीसी एक्सपोर्ट दाल मिल में छापामारी की थी। मिल से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित तेवड़ा व दाल जप्त की गई थी। यह मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक है, जिसके चलते प्रतिबंध लगा दिया गया था। इसके बाद भी मुनाफा कमाने के लिए दाल मिल संचालक अभिषेक जैन द्वारा मिलावटखोरी के लिए उपयोग किया जा रहा था। टीम ने दाल का नमूना भी लिया है, जिसे जांच के लिए राज्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। कुठला थाना प्रभारी रोहित डोंगरे के मुताबिक लमतरा इंडस्टियल एरिया में ब्लॉक नंबर 5355 में केबीसी एक्सपोर्ट दाल मिल का संचालन हो रहा है। इसका संचालन जिनेंद्र जैन बाहुबली कॉलोनी सागर द्वारा किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय गुप्ता, ब्रजेश विश्वकर्मा जांच के लिए पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस बल के साथ मौजूद रहा। जब टीम ने जांच की तो मुखबिर की सूचना सही पाई गई।

### सरकार से प्रतिबंधित है तेवड़ा दाल

जानकारों के अनुसार तेवड़ा में बीटान ऑक्सिलाइन डाइएमिनो प्रोपिओनिक अम्ल (ओपडीएपी) होता है। इसको लगातार चार माह खाने से लकवा, गठिया रोग सहित अन्य बीमारियां होती हैं। तेवड़ा की दाल सस्ती मिलने के कारण बहुत से लोग खाने में इसकी उपयोग करते हैं। लगातार व कारोबार चना व अरहर की दाल में मिक्स कर तेवड़ा का उपयोग करके मुनाफा कमाते हैं। मिलवटखोरी करके लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। बेसन में भी इसका आटा मिक्स किया या जाता है। गंभीर रोग से बचाने सरकार ने यह कदम उठाया था।


### 53 बोरी तेवड़ा की बनी थी जप्ती

जांच के दौरान टीम ने दालमिल में 53 बोरी तेवड़ा व उसकी दाल जप्त की थी, जिसका उपयोग अरहर आदि की दाल में करना बताया जा रहा है। मौके पर संचालक के पुत्र अभिषेक जैन व कर्मचारी पाए गए। पंचनामा कार्रवाई करते हुए दाल को जप्त किया गया। सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भी तेवड़ा का उपयोग करते पाए जाने पर संचालक के खिलाफ कुठला थाने में एफआइआर दर्ज कराई गई। पुलिस ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय गुप्ता की शिकायत पर अभिषेक जैन के विरूद्ध धारा 269, 272, 273 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

सिन्दूरसी से बचैया मार्ग पर ककरेहटा की सुहार नदी में निर्माणाधीन पुल के निर्माण में रूचि नहीं ले रहा ठेकेदार

# 33 माह में भी नहीं बन पाया 24 माह में तैयार होने वाला पुल

**कटनी।** बहोरीबंद विकासखण्ड मुख्यालय से सिदुरसी-बचैया मार्ग पर ग्राम पंचायत ककरेहटा में सुहार नदी पर बनाये जा रहे पुल में चल रही लापरवाहियों के चलते 33 माह बीतने के बाद निर्माण पूरा नहीं हो सका है। देखा जाए तो पुल का अब तक आधा काम ही हुआ है। इसके लिए न तो विभाग गंभीर है न प्रशासन इस ओर ध्यान दे रहा है। पुल निर्माण की धीमी गति को लेकर विधायक प्रणय पांडेय भी पीएमजीएसवाई के महाप्रबंधक को पत्र लिख चुके है अलबत्ता कार्य में गति नही आई है। गौरतलब है कि वर्षाकाल मे ककरेहटा ग्राम की आबादी मुख्यालय के संपर्क से अलग हो जाती है। सुहार नदी के उफान पर आने व पुल डूब जाने से लोग घरो में कैद होने विवश होते है। ग्राम ककरेहटा के निवासियों ने बताया की पुल निर्माण कार्य में एजेंसी ने धीमी गति से कार्य किया यही कारण है कि डेढ़ साल की अवधि में पुल का निर्माण कार्य पूर्ण नही सका। हर वर्ष बारिश के दिनों में सुहार नदी उफान पर आ जाती है। जिससे ककरेहटा ग्राम के पास बना पुल डूब जाता है और सिदुरसी से बचैया मार्ग में आवागमन बन्द हो जाता है। कई गांवो का संपर्क तहसील मुख्यालय से टूट जाता है। लोगों को पुल से इस व उस पार लाने ले जाने नाव का सहारा लिया जाता है। ग्रामीणों ने इस विकट समस्या से निजात दिलाने की मांग प्रशासन व विधायक से की है।



### सुहार नदी के उफान पर आते ही डूब जाता है पुल

बहोरीबंद विकासखंड की ग्राम पंचायत सिदुरसी से बचैया तक पीएमजीएसवाई के तहत सड़क मार्ग का निर्माण कार्य कराया गया है। इसी सड़क मार्ग में ग्राम ककरेहटा में सुहार नदी पर पुल नीचा था। जिसमें ऊंचाई का पुल बनाने का कार्य शुरू हुआ था। पीएमजीएसवाई के द्वारा पुल निर्माण की शुरुआत 26 अक्टूबर 2019 को की गई थी और निर्माण 25 अप्रैल 2021 को पूर्ण हो जाना था। पुल की लंबाई 51.86 मीटर व लागत 152 लाख रुपये थी लेकिन निर्माण कार्य की समयावधि पूर्ण हो जाने के बाद निर्माण कार्य पूर्ण न होना निर्माण एजेंसी की लेटलतीफी से साफ जाहिर होता है कि ठेकेदार व अधिकारियों को निर्माण की कोई चिंता नहीं है।

**इनका कहना है**

बहोरीबंद क्षेत्र के सिदुरसी बचैया मार्ग में ककरेहटा ग्राम में बन रहे पुल के निर्माण कार्य में पहले कोविड फिर पुरातत्व विभाग की अड़चन से काम में रुकावट आई जिस कारण कार्य की गति धीमी रही। अब समस्या का निदान हुआ है। पुल के कार्य में तेजी लाकर कार्य को आगे बढ़ाया जाए इसके लिए ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए गए है।

आर.के.दवे, महाप्रबंधक, पीएमजीएसवाई

# सालों से फरार आधा दर्जन से अधिक वारंटी गिरफ्तार

### पुलिस मुख्यालय के आदेश पर वारंटियों को पकड़ने चल रहा विशेष अभियान

### कोतवाली, स्लीमनाबाद व रीठी पुलिस को मिली सफलता

**कटनी।** कोतवाली, स्लीमनाबाद व रीठी पुलिस को अलग-अलग मामलों में कई सालों से फरार चल रहे आधा दर्जन से अधिक वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। गौरतलब है कि जिले में अधिक से अधिक स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किये जाने हेतु पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के निर्देशन में जिले भर की पुलिस वारंटियों को पकड़ने के लिए मेहनत कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने सिविल लाइन क्षेत्र निवासी 29 वर्षीय रोहित दुआ पिता राजकुमार दुआ, आयुध निर्माणी के सुभाष नगर क्षेत्र निवासी 52 वर्षीय प्रमोद चतुर्वेदी पिता गया प्रसाद चतुर्वेदी, भठ्ठा मोहल्ला निवासी 31 वर्षीय सलीम खान सोनू पिता मोहम्मद शरीफ , 26 वर्षीय अमित कोल पिता नंदकिशोर कोल, झर्राटिकुरिया क्षेत्र निवासी 26 वर्षीय करण उर्फ प्रकाश सिंह पिता राजेंद्र सिंह व माधवनगर निवासी 29 वर्षीय महेश भोजवानी पिता गोकुलदास भोजवानी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। सभी के विरूद्ध न्यायालय से स्थाई वारंट जारी था। वारंटियों को गिरफ्तार करने में कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक रामचंद्र शुक्ला, सउनि कप्तान सिंह, प्रधान आरक्षक



वीरेंद्र सिंह, वीरेंद्र तिवारी, अनिल सेंगर, पुष्पराज सिंह, ताहिर खान, बैजंती टेकाम, आरक्षक अजय प्रताप सिंह, उपेंद्र सिंह, अमित सिंह, राजेंद्र उइके नीरज, गौरी, सैनिक श्रवण मिश्रा की भूमिका रही।

### रीठी पुलिस ने भी पकड़ा स्थाई वारंटी

उधर रीठी पुलिस ने भी एक स्थाई वारंटी को पकड़ कर न्यायालय में पेश किया है। बताया जाता है कि जबलपुर जिले के गोसलपुर थाना अंतर्गत ग्राम झाझा बांध निवासी 44 वर्षीय अमरजीत पिता हिम्मत काछी का न्यायालय से स्थाई वारंट जारी था। पुलिस ने अमरजीत को कटरा खमरिया गांव से पकड़ कर न्यायालय में पेश किया है। वारंटी को पकड़ने में रीठी थाना प्रभारी सतीश कुमार तिवारी, प्रधान आरक्षक केशव मिश्रा व ग्राम रक्षा समिति सदस्य प्रभाकर दुबे की भूमिका रही।

### स्लीमनाबाद पुलिस के हत्थे चढ़े दो वारंटी

वर्ष से 2015 से फरार 02 स्थाई वारंटियो को स्लीमनाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर किया न्यायालय पेश किया है। बताया जाता है कि स्लीमनाबाद एसडीओपी मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में स्लीमनाबाद थाना प्रभारी संजय दुबे द्वारा स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार करने हेतु टीम गठित की गई। टीम ने ग्राम इमलिया निवासी 35 वर्षीय हुकुम चौधरी पिता जौहर चौधरी व ग्राम छोटा कछारगांव निवासी 27 वर्षीय दस्सी उर्फ राजेन्द्र चौधरी पिता छोटेलाल चौधरी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया है। दोनों वारंटियों को पकड़ने में सउनि राजेश कोरी, अनुराग पाठक, प्रधान आरक्षक आशीष आर्मो, अंकित दुबे, आरक्षक रोहित सिंह व रजनीश तेकाम की भूमिका रही।

अस्पताल पहुंचने के पहले हुई मौत

# जेल की सेल में चक्कर खाकर गिरा बलात्कार का विचाराधीन कैदी

**कटनी।** झिंझरी स्थित जिला जेल में गुरूवार को बलात्कार के आरोप में बंद विचाराधीन कैदी की अचानक मौत के बाद पूरे जेल परिसर में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। मृत कैदी का जिला अस्पताल में शव परीक्षण उपरांत पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के हवाले किया गया है। जेल अधीक्षक लीना कोष्टा ने जानकारी देते हुए बताया की ग्राम भुड़सा थाना बड़वारा निवासी विचाराधीन कैदी 69 वर्षीय परोसी पिता रंपत कोल बुधवार की रात लगभग साढ़े 8 बजे अपनी सेल के अंदर अचानक चक्कर खाकर गिर गया। सूचना मिलते ही आनन-फानन में सेल का गेट खोलकर उसे जिला अस्पताल रवाना किया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विचाराधीन कैदी 7 सितंबर 2019 से बलात्कार के आरोप में जिला जेल में बंद था। जेल अधीक्षक ने आगे बताया की कैदी की मौत होने के बाद उसका निवास स्थान झर्रा टिकुरिया थाना रंगनाथ नगर पता चला था, किंतु वहां जाने के बाद पता चला कि वह किसी गांव का रहने वाला था और झर्रा टिकुरिया में आकर काम करता था। जिसके बाद जेल प्रशासन भी सकते में आ गया। फिर कोतवाली पुलिस की मदद के अलावा जेल में बंद एक कैदी ने भी मृत कैदी के बारे में जानकारी मिली। जिसके आधार पर बड़वारा थाने में संपर्क किया गया और कैदी के गांव ग्राम भुड़सा में उसके परिजनों को मामले से अवगत कराया गया। तब जाकर जेल प्रशासन ने राहत की सांस ली।




### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार अनीता सिंह धर्म पत्नी स्व. राकेश सिंह निवासी ग्राम पो. पकरिया थाना अमदरा तहसील मैहर जिला सतना (म.प्र.) के निर्देशानुसार आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि अनीता सिंह धर्मपत्नी स्व. राकेश सिंह के नाम से मेरे पक्षकार को जाना जाये मेरे पक्षकार के पुत्र सागर सिंह आत्मज स्व. राकेश सिंह केन्द्रीय विद्यालय कटनी में अध्ययनरत करता हैं उसके स्कूली दस्तावेजों में मां का नाम अनीता धुर्वे अंकित है जो गलत है मेरे पक्षकार का सही नाम अनीता सिंह हैं जो अनीता सिंह के नाम से जाना एवं पहचाना जाये इन बिन्दुओं के आशय से मैं अपने पक्षकार के कहे अनुसार आम सूचना प्रसारित हेतु यह सूचना प्रेषित करता हूं।

**कटनी, दिनांक-** 24.02.2022

**आदित्य पाठक**
**(अधिवक्ता)**
**सिविल कोर्ट कटनी**
**मो. 8435517023**






### पति व सास पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**कटनी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। महिला थाना कटनी प्रभारी मंजू शर्मा ने बताया कि बुधवार को 27 वर्षीय नेहा राय पति विनीत राय निवासी सूर्या होटल के पीछे गली नम्बर 6 शिवाजी नगर थाना कठला कटनी हाल पता जबलपुर झंडा चौक रॉझी ने पति विनीत राय, सास रमा राय के द्वारा दहेज की मांग को लेकर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने व मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने की शिकायत की। इस पर धारा 498ए, 294, 323, 506 व 3,4 दहेज अधिनियम का अपराध पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। नेहा राय ने पुलिस को बताया कि 18 फरवरी 2018 को विनीत राय पिता राजेश राय के साथ विवाह हुआ है। महिला से पांच लाख रुपये, कार आदि की मांग की जा रही है। मुझे खाना नहीं देते थे, भूखा रखते थे। पति द्वारा मारपीट भी की जाती थी।


**JOB OPENING**
Requirement/skills
1. Tally, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
**The Dinesh Goods Transport Co.**
**Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni m.p.**
**For Application**
Contact- Ayush Jain
**Mo. 8989020207**

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
**डॉ. स्मिता बजाज**
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)